AMAR UJALA, NOIDA, 8.5.2019
Page No. 6, Size:(16.88)cms X (18.71)cms.

नोएडा एयरपोर्ट के लिए बिड डॉक्यूमेंट को केंद्र की मंजूरी

पीएमआईसी से अनुमति लेकर अगले हफ्ते तक टेंडर जारी करने की तैयारी

अमर उजाला ब्यूरो

ग्रेटर नोएडा। जेवर में प्रस्तावित नोएडा इंटरनेशनल ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट के निर्माण की ओर एक और कदम बढ़ गया है। केंद्र सरकार ने एयरपोर्ट के बिड डॉक्यूमेंट (निविदा प्रपत्र) को मंजूरी दे दी है। अब इसे प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग एंड इंप्लीमेंटेशन कमेटी (पीएमआईसी) के समक्ष रखा जाएगा। फिर ग्लोबल टेंडर निकाला जाएगा। टेंडर के बाद छह माह के भीतर एयरपोर्ट निर्माता कंपनी का चयन कर लिया जाएगा।

6 माह में कंपनी का चयन कर एयरपोर्ट का निर्माण शुरू कराने की योजना

दरअसल, बिड डाक्यूमेंट तैयार कर मंजूरी के लिए केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय को भेजा गया था। मंत्रालय ने 6 मई को मंजूरी दे दी है। मंजूरी से पहले डॉक्यूमेंट नीति आयोग और वित्त मंत्रालय को भेजा गया था। दोनों ने कुछ और बिंदुओं को जोड़ने के सुझाव दिए थे। इन सुझावों पर नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (नियाल) ने अमल कर बिड डॉक्यूमेंट तैयार कराया। लखनऊ में 23 अप्रैल को हुई पीएमआईसी की बैठक में इसे रखा गया और वहां से मंजूरी मिल गई। इसके बाद राज्य ने इसे केंद्र सरकार को भेजा। अब निर्माण के लिए टेंडर निकालने का रास्ता साफ हो गया है। नियाल अब इस निविदा प्रपत्र को पीएमआईसी की बैठक में रखेगा। बैठक इसी हफ्ते होने की उम्मीद है। बैठक में पास होने के बाद टेंडर निकाला जाएगा।

विदेशी कंपनियों को बुलाने पर जोर

नियाल के अधिकारियों ने तैयारी शुरू कर दी है। अगले हफ्ते एयरपोर्ट निर्माण के लिए एजेंसी तय करने के लिए निविदा निकालने की तैयारी है, ताकि विदेशी कंपनियां भी आ सकें। देश में अब तक बने एयरपोर्ट के निविदा प्रपत्र से यह अलग होगा। इसमें कई नए बिंदु जोड़े गए हैं, जो इससे पहले नहीं थे। यह सब विदेशी कंपनियों को बुलाने के लिए किया गया है, जितनी अधिक कंपनियां टेंडर में आएंगी। उतना ही बेहतर रहेगा। नियाल का प्रयास रहेगा कि छह महीने के भीतर कंपनी का चयन कर लिया जाए।

अब तक 50 करोड़ का मुआवजा बांटा

जिला प्रशासन ने भी जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया तेज कर दी है। छह गांवों में दयानतपुर, किशोरपुर व रोही गांव की भी जमीन लेने के लिए अवार्ड घोषित कर दिया है। पारोही, बनवारीवास और रन्हेरा की जमीन पर पहले ही अवार्ड घोषित किया जा चुका है। अब तक 50 करोड़ रुपये से अधिक मुआवजा बांटकर जमीन ली जा चुकी है। एयरपोर्ट के लिए किसानों से कुल 1234 हेक्टेयर जमीन ली जानी है।

एयरपोर्ट तक मेट्रो रूट पर हुआ प्रस्तुतिकरण

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा से जेवर तक मेट्रो की डीपीआर को लेकर मंगलवार को डीएमआरसी के अधिकारियों ने अपना प्रस्तुतिकरण दिया। जेवर में प्रस्तावित नोएडा इंटरनेशनल ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट को लेकर काम तेज हो गया है। नोएडा से ग्रेटर नोएडा मेट्रो वाया परी चौक शुरू हो गई है। परी चौक से जेवर एयरपोर्ट तक मेट्रो प्रस्तावित की गई है। यह ट्रैक करीब 28.5 किलोमीटर लंबा है। यमुना प्राधिकरण ने इसकी डीपीआर डीएमआरसी से बनवा ली है। मंगलवार को यमुना प्राधिकरण के दफ्तर में डीएमआरसी के अधिकारियों ने इसका प्रस्तुतिकरण दिया। यमुना प्राधिकरण ने इस रूट पर कितना ट्रैफिक मिलेगा, इस पर रिपोर्ट मांगी है। एयरपोर्ट तक मेट्रो ले जाने और सामान्य रूट के साथ ही एक्सप्रेस लाइन का विकल्प दिया जा सकता है। प्रजेंटेशन में यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ अरुणवीर सिंह, ओएसडी शैलेंद्र भाटिया समेत कई अफसर मौजूद रहे। ब्यूरो